गोमतीनगर जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक

25 August 2024

विराम खण्ड-5, गोमतीनगर जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक

लखनऊ । आज दिनांक 25 अगस्त 2024 को विराम खण्ड-5, गोमतीनगर जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक अध्यक्ष डा. भरत राज सिंह के निवास पर आहूत हुई I इस बैठक का मुख्य एजेंडा जीवन प्लाजा में पार्किंग व्यवस्था न होने से निवासियों को बाहर निकलने अत्यधिक असुविधा होती हैं I यहाँ तक कि कई बार एयरपोर्ट पहुंचने में कठिनाई हुई और बोर्डिंग नहीं हो पाई I दूसरी समस्या सडक टूटने, रेलवे किनारे हरित पट्टी न होना तथा तोमर भवन से जीवन प्लाजा के बीच शराब कि दुकानों से अनैतिक कार्य की भी शिकायत मिलती रहती है I

इस पर बैठक में गहन बिचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि पुराने पत्रचारो के साथ नगर पालिका जोन-4, लखनऊ विकास प्राधिकरण व कमिश्नर लखनऊ व्यक्तिगत रूप से मिलकर समाधान निकलवाया जाय। इसके अतिरिक्त कुछ नये सुझाव भी आये कि क्षेत्र के विधायक से मिलकर विराम खण्ड -5 के किसी पार्क को सोलर पार्क में परिवर्तित कराकर ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा दिलाया जाय।

इस बैठक में, दो-उपाध्यक्ष श्री आर. एन. सिंह, श्री विजय कुमार चौपड़ा तथा पूर्व जज एस.एन. सेठ को संरक्षक और डॉ. पी.एन. सिंह, जेके वार्ष्णेय, अतुल जोहरी, संयुक्त सचिव, प्रभात श्रीवास्तव, , प्रवीण खंडेलवाल, विमल चंद श्रीवास्तव, डॉ.आर.पी. शर्मा, महेश जोशी आदि को कार्यसमिति में सामिल किया गया। राकेश जैटेली का 70वें जन्मदिन पर सभी ने हार्दिक वधाई दी और मिष्ठान भी खिलाया गया।

इस अवसर कार्यवाहक महासचिव, कर्नल ए.एन. पाण्डेय तथा सचिव, सी.जी. नायर जी जो गोमतीनगर महासमिति से दिशानिर्देश हेतु पधारे और समिति को सक्रियरूप से चलाने हेतु योंगेस्टर की भागीदारी बढ़ाई जाय। बैठक अध्यक्ष के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

---

https://ghoomtaaina.in/today-on-25th-august-2024-the-second-meeting-of-the-executive-of-viram-khand-5-gomtinagar-jankalyaan-samiti-was-convened-at-the-residence-of-the-president/